तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 15 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 20 नवंबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 असंभव को संभव कर दे वही भगवान है : पं. युवराज



12 सौ साल पुराना सपना अब होगा पूरा



## खबर संक्षेप

### एमएससी की प्रायोगिक परीक्षा 24 नवंबर से

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में एमएससी (वनस्पतिशास्त्र) प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की दिसंबर-जनवरी 2025-26 की सेमेस्टर प्रायोगिक परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। एमएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर लैब कोर्स द्वितीय की प्रायोगिक परीक्षा 24 नवंबर को प्रातः 10 बजे से आयोजित की जाएगी। लैब कोर्स प्रथम की प्रायोगिक परीक्षा 2 दिसंबर 2025 को प्रातः 10 बजे से होगी। विभाग ने सभी संबंधित छात्र-छात्राओं को निर्धारित तिथि एवं समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### न्यायालय परिसर से प्यून की बाइक पार

**धमतरी।** नाइट ड्यूटी के लिए पहुंचे चपरासी की न्यायालय परिसर में खड़ी बाइक की अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। पुलिस के अनुसार नंदकुमार नेताम पिता भगऊराम उम्र 24 वर्ष ग्राम छिपली थाना सिहावा निवासी जेएमएफसी न्यायालय नगरी देवपुर में चपरासी के पद पर कार्यरत है। 12 नवम्बर को प्यून अपनी बाइक क्रमांक सीजी 05 एक्यू 6422 से नाइट ड्यूटी करने न्यायालय गया था। वह बाइक को गेट के पास खड़ा कर भीतर चला गया। इसी दौरान अंधेरे का फायदा उठा अज्ञात चोर न्यायालय के गेट के पास खड़ी बाइक की चोरी कर ले गया। 13 नवम्बर की सुबह प्यून ड्यूटी के बाद घर जाने के लिए गेट के पास पहुंचा लेकिन बाइक वहां पर नहीं थी। बाइक को न पाकर प्यून ने आसपास तलाश की लेकिन कहीं पता नहीं चल पाया। दूसरे दिन युवक ने सिहावा थाना में चोरी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303-2 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### डोमा में कोसमर्रा स्कूल का रासेयो शिविर 21 से

**कोर्रा-भखारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर डोमा में 21 से 27 नवंबर तक सतत भारत के लिए युवाओं को सशक्त बनाना एवं नशामुक्त समाज के लिए युवा थीम पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ गुंजन साहू सरपंच डोमा करेंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी करेंगे। अध्यक्षता बालकृष्ण साहू प्राचार्य करेंगे। जिला संगठक निरंजन साहू, प्राचार्य बालकृष्ण साहू एवं कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव कुमार सोनबेर के दिशा-निर्देश में रासेयो छात्र रचनात्मक कार्य करेंगे। 25 नवम्बर को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, 26 नवम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। यह जानकारी कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव कुमार सोनबेर ने दी।

धमतरी में आयोजित प्रदेश स्तरीय किसान सम्मान निधि समारोह में पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह

# हमारा देश कोई धर्मशाला नहीं, घुसपैठियों की अब खैर नहीं : चौहान





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हमारा देश हमारी माता है, कोई धर्मशाला नहीं। बांग्लादेशी घुसपैठिए हमारी ही जमीन, खेतों पर कब्जा करते हैं और हमें ही आंख दिखाते हैं। कांग्रेस ने वोट बैंक बढ़ाने के लिए इन घुसपैठियों को छूट दी है। अब उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान में ऐसे घुसपैठियों से वोट का अधिकार छीन लिया जाएगा। यह बातें केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कही।

बुधवार को डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय उमा शाला में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित अन्य मंत्री, सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि तेरा तुझको अर्पण, क्या लागे मेरा। जनता का पैसा, जनता को समर्पित है लेकिन पिछली कांग्रेस सरकार में ऐसा नहीं होता था। इस सरकार ने छत्तीसगढ़ के विकास के पांच साल बर्बाद कर दिए। केंद्र सरकार द्वारा योजना के तहत यदि एक रूपया दिया जाता था, उसमें से सिर्फ 15 पैसा ही हितग्राही तक पहुंचता था। आज पूरा का पूरा 16 आना हितग्राही को मिल रहा है। पुरानी सरकार ने तो गरीबों के आवास के लिए केंद्र से मिली राशि ही लौटा दी थी। भाजपा ने सत्ता में आने से पहले संकल्प लिया था कि कोई भी परिवार कच्चे और टूटे फूटे मकान में न रहे। आज 19 लाख से ज्यादा पीएम आवास बन रहे हैं। यही नहीं अभी और स्वीकृति बाकी है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी 15 हजार से ज्यादा मकानों की स्वीकृति दी गई है।

### कृषि मंत्री, मुख्यमंत्री का हेलीपेड में स्वागत



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा एवं मंत्रिमंडल के सदस्यों का हेलीपैड इंडोर स्टेडियम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू, महापौर रामू रोहरा, प्रीतेश गांधी प्रदेश सह कार्यालय मंत्री, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ठा. शशि पवार, महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, कांकेर सांसद भोजराज नाग, रविकांत चंद्राकर, महिला जिला उपाध्यक्ष श्यामा साहू, जिला मीडिया प्रभारी उमेश साहू, डीपेन्द्र साहू, प्रकाश गोलछा, कविन्द्र जैन, अविनाश दुबे, भानु चंद्राकर, खिलेश्वरी किरण, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार सार्वा, उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जिपं सदस्य टीकाराम कंवर, वीरेन्द्र साहू, धमतरी जपं अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, कुरूद जपं अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, नगरी जपं अध्यक्ष महेश गोटा ने स्वागत किया।

### कृषि योजनाओं में नहीं होगी धन की कमी

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने कहा कि सरकार का लक्ष्य देश को खाद्य सुरक्षा देना है। 140 करोड़ की जनता में से 80 करोड़ लोगों को सस्ता राशन मिल रहा है। किसानों को भी उपज का भरपूर दाम मिल रहा है। पूरे देश में छत्तीसगढ़ ऐसा राज्य है, जहां पर किसानों को धान का 3100 रुपए समर्थन मूल्य मिल रहा है। हमारा लक्ष्य खेती का उत्पादन बढ़ाना है। इसके तहत खाद, स्प्रिंकलर, ड्रीप सिस्टम सहित अन्य कृषि सामग्री पर किसानों को भरपूर सब्सिडी दी जा रही है। फसल बीमा का दायरा बढ़ाया गया है। कभी फसल बीमा के लिए तहसील को इकाई मानी जाती थी। आज एक भी किसान की फसल खराब होती है तो उसे बीमा का लाभ दिया जाता है। उन्होंने किसानों से दलहन तिलहन लगाने की अपील करते हुए कहा कि सरकार किसानों से दलहन- तिलहन की खरीदेगी समर्थन मूल्य पर करेगी।

### एमआईएस का मिलेगा लाभ

सब्जी उत्पादक किसान निराश रहते हैं, शहरों में सब्जियां तो महंगी बिकती है, लेकिन गांवों में ज्यादा दाम नहीं मिल पाता है। किसान सुविधा के अभाव में शहर जाकर सब्जियां नहीं बेच पाता है। ऐसे किसानों के लिए सरकार ने एमआईएस (मार्केट इंवेशन स्कीम) शुरू की है। इसके तहत कोई संस्था या समूह गांव से शहर लाकर सब्जी बेचना चाहता है तो गाड़ी का भाड़ा सरकार देगी। उन्होंने कहा कि छोटे किसानों का गुजारा सिर्फ धान की खेती से नहीं हो सकता है। उनके लिए एकीकृत कृषि की योजना है, जिसके तहत किसान शासन से सहयोग लेकर एक ही जमीन पर खेती, पशुपालन, मुर्गी पालन, मधुमक्खी पालन जैसा काम कर सकता है।

### मिल रहा भरपूर सहयोग : साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि डेढ़ साल में ही छत्तीसगढ़ में 18 लाख से ज्यादा आवास बन चुके हैं। केंद्र सरकार से भरपूर सहयोग मिल रहा है, जिससे हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश को 774 सड़कों की सौगात मिली है। नक्सल पीड़ितों को भी आवास का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि सरकार गांव, गरीब, किसान, महिला सहित सभी प्रदेशवासियों के हित में काम कर रही है।

### किसानों को मिली सौगात

इस कार्यक्रम में तमिलनाडु के कोयम्बटूर से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण हुआ, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बटन दबाकर किसानों के खातों में सम्मान निधि की 21वीं किस्त डाली। इसमें धमतरी जिले के 96 हजार से अधिक किसानों को 19 करोड़ 21 लाख रुपए मिले। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चतुर्थ चरण के अंतर्गत 100 से अधिक आबादी वाली 780 बसाहटों को जोड़ने के लिए 2442 किलोमीटर लंबाई की 774 सड़कों के निर्माण के लिए 2225 करोड़ रुपए की स्वीकृति पत्र सौंपा। उन्होंने इन सड़कों का शिलान्यास बटन दबाकर किया।

### छग अब मखाना बोर्ड में शामिल

मखाना का उत्पादन बिहार राज्य में होता था। अब छत्तीसगढ़ में भरपूर मात्रा में मखाना का उत्पादन हो रहा है। केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने धमतरी जिले में मखाना की खेती शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए घोषणा की कि मखाना बोर्ड में छत्तीसगढ़ को भी शामिल किया जाएगा। इस दौरान उन्हें मखाना की मोटी सी माला भी पहनाई गई। उन्होंने बिहान योजना के तहत तैयार बुकलेट का विमोचन किया, जिसमें बैंक सखियों की प्रेरक कहानियां संकलित हैं। महिलाओं की 36 कलाओं को दर्शाने वाले विशेष प्रदर्शनी बॉक्स का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम में धमतरी जिले के ग्राम नाथूकोन्हा को राज्य का पहला सोलर गांव घोषित करते हुए यहां के सरपंच अकबर मंडावी को सम्मानित किया गया।

### मंच पर रहे उपस्थित

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन देवांगन, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, राजस्व मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, सांसद महासमुंद श्रीमती रूप कुमारी चौधरी, सांसद कांकेर भोजराज नाग, विधायक अजय चन्द्राकर, महापौर रामू रोहरा, पूर्व विधायक रंजना साहू, प्रीतेश गांधी, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के अलावा अन्य जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित थे।

### झलकियां ...

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय कृषि मंत्री को खुमरी और हल देकर सम्मानित किया।
केंद्रीय कृषि मंत्री ने धमतरी के लस्ता और मूंग बड़ा का स्वाद लेने की इच्छा जाहिर की।
छत्तीसगढ़ को मखाना बोर्ड में शामिल करने की घोषणा की।
जिले के 96 हजार से अधिक किसानों को 19 करोड़ 21 लाख रुपए की सम्मान निधि मिली।
केंद्रीय मंत्री के स्वागत में जगह-जगह आकर्षक रंगोली बनाई गई थी।

# आज आवक बंद : जुगदेही सोसाइटी में लिमिट से अधिक धान से बनी रेलमपेल की स्थिति

- सोसाइटी के मुख्य गेट तक भरे गये बारदाने, बावजूद नहीं हो पाई तौलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

तुंहर टोकन एप की त्रुटि एवं कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से धान उपार्जन केंद्रों में किसानों को टोकन मिलने के बावजूद धान तौल में देरी और अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह है कि लिमिट से चार गुना अधिक धान की आवक होने से किसानों को उपार्जन केंद्र के गेट के बाहर तक बारदाना भरना पड़ा। यह स्थिति जुगदेही सोसाइटी में देखने को मिली।

बुधवार को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति जुगदेही में तय लिमिट से चार गुना अधिक धान की आवक हुई। धान की ढेर इतनी थी कि दोपहर तक पैर रखने की जगह नहीं थी। किसानों द्वारा उपज भरे बारदाने सोसाइटी से बाहर गेट तक खड़े करने की नौबत आ गई थी। देर शाम तक धान तौलाई का कार्य जारी था एवं तौलाई ठेके के मजदूर तौले हुए धान का स्टाक बनाने में लगे थे। वहीं समिति प्रबंधक द्वारा स्थिति को देखते हुए 20 तारीख के लिए टोकन कटे किसानों को आज अपनी उपज नहीं लाने की मुनादी करवा दी गई है।





### मंगलवार रात तक आवक रही जारी

संबंधित सोसाइटी के किसानों ने बताया कि चूंकि तुंहर टोकन एप में त्रुटि होने के कारण 14 एवं 19 तारीख को कटे धान की आवक को लिया गया। जो बुधवार सुबह से आवक लेने पर संभव नहीं होता पाता। इसलिए समिति ने मंगलवार शाम से ही आवक शुरु कर दी थी जो बुधवार सुबह 11 बजे तक जारी रहा। एक ही दिन में 6000 क्विंटल धान की आवक हो जाने से रेलमपेल की स्थिति निर्मित हो गई। तौलाई कार्य में लगे मजदूर दिनभर में भी इतने धान की तौलाई नहीं कर पाये।

### वैकल्पिक कर्मचारियों की मदद से हो रही खरीदी

समिति प्रबन्धक अंकित कश्यप ने बताया कि जुगदेही सोसाइटी में वैकल्पिक कर्मचारियों की मदद से बुधवार को करीब 5500 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, तौलाई कार्य जारी है जिसे आज की स्थिति में पूरा कर पूरे 5900 किसानों का डाटा कम्प्यूटर साफ्टवेयर में अपलोड कर लिया जाएगा। चूंकि अगले टोकन की आवक के लिए जगह नहीं बन पाई है इसलिए गुरुवार को आवक बंद रखी गई है।

### अब तक ऐतिहासिक धान खरीदी हुई

प्राधिकृत अधिकारी भोलाराम साहू की माने तो जुगदेही सोसाइटी में एक ही दिन में करीब 6000 क्विंटल धान की खरीदी पहली बार हुई है। उन्होंने किसानों की समस्याओं को देखते हुए हड़ताली कर्मचारियों को फिर से वापस काम पर लौटने की अपील की है वहीं किसानों को खरीदी कार्य में समिति का सहयोग करने व 20 तारीख को कटे 1500 क्विंटल धान टोकन वाले किसानों को व्यवस्था बन जाने पर सूचित करने की बात कही है।

### निर्वाचन कार्य में लगे निजी वाहनों को हुआ राशि का भुगतान

**धमतरी।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन एवं नगरपालिका आम निर्वाचन 2024-25 के तहत निर्वाचन कार्य के लिए जिले से निजी वाहनों (जीप, बस आदि) का अधिग्रहण किया गया था, जिसके किराये की राशि का भुगतान निर्वाचन कार्यालय द्वारा किया जाना था। उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन ने बताया कि त्रिस्तरीय पचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 के लिए अधिग्रहित निजी वाहनों के किराये की राशि में से आंशिक किराये की राशि (बतौर प्रथम किरूत) पूर्व में माह जुलाई-अगस्त 2025 में किया गया था और शेष किराये की राशि का भुगतान आवंटन के अभाव में किया जाना लंबित था। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर से किराये की राशि के भुगतान के लिए आवंटन प्राप्त होने के बाद त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024–25 हेतु अधिग्रहित निजी वाहनों के लंबित किराये की शेष राशि तथा नगरपालिका आम निर्वाचन 2024-25 हेतु अधिग्रहित निजी वाहनों के सम्पूर्ण किराये की राशि का भुगतान एकमुश्त कार्यालय द्वारा सर्व संबंधित वाहन मालिकों को उनके बैंक खाते में आरटीजीएस के माध्यम से कर दिया गया है।

### पत्नी के मायके जाने से दुखी पति ने की आत्महत्या

- मामूली बात को लेकर दोनों में हुआ था विवाद
- मकेश्वर वार्ड की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विवाद के बाद पत्नी के मायके चली जाने से दुखी पति ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस के अनुसार स्थानीय मकेश्वर वार्ड निवासी नरेन्द्र यादव पिता सीताराम उम्र 38 वर्ष बढ़ाई का काम करता था। दो-चार दिन पहले किसी बात को लेकर पति व पत्नी के बीच लड़ाई हो गई। नरेन्द्र ने आक्रोश में आकर पत्नी से मारपीट की। इससे दुखी व नाराज पत्नी बच्चे को लेकर अपने मायके चली गई थी। पत्नी व बच्चे के चले जाने से नरेन्द्र दुखी रहने लगा। युवक ने मंगलवार की देर रात्रि अपने कमरे के सिलिंग पंखा में केबल वायर का फंदा बना फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार की सुबह घटना की जानकारी होने पर कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर वरदान संस्था की एम्बुलेंस से शव को जिला अस्पताल के मर्च्यूरी भिजवाया। चौकी पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।



पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

आवास, आजीविका और महिला सशक्तिकरण में धमतरी की प्रगति सराहनीय

# शिवराज सिंह और विष्णुदेव साय ने देखा धमतरी का विकास मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धमतरी में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शन के स्टॉलों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण विकास, आवास निर्माण और महिलाओं व आदिवासी समुदाय की आजीविका बढ़ाने के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारी प्रयासों की सराहना की। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत जिले में 2016-26 के दौरान स्वीकृत 80,526 में से 56,000 आवास पूर्ण कर 70 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई। वर्ष 2025-26 में 132 दिवस का औसत आवास पूर्णता समय देश में सर्वश्रेष्ठ रहा। कमार समुदाय हेतु 1,481 स्वीकृत आवासों में 1,035 आवास पूर्ण किए गए तथा राज्य की पहली कमार आवासीय कॉलोनी मसानडबरा में मूलभूत सुविधाओं के साथ 37 आवास निर्माणाधीन हैं। केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लिए बनाई जा रही इस कॉलोनी की प्रशंसा की।




इस अवसर पर उनके साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन देवांगन, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, सांसद महासमुंद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, सांसद कांकेर भोजराज नाग, कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर, महापौर रामू रोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा के अलावा क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

इस अवसर पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को जानकारी देते हुए बताया कि इस कॉलोनी में सभी मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही कॉलोनी को प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत जोड़ने पर भी काम चल रहा है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### अंग्रेजी शराब बरामद 1 कोचिया गिरफ्तार

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर पुलिस ने छामापार कार्यवाही करते हुए अवैध ढंग से बिक्री करने के लिए कब्जे में रखे पोरोण्डी के शराब कोचिए से अंग्रेजी शराब को जप्त किया। भानुप्रतापपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर से जानकारी मिला था कि आरोपी किसन दास मानिकपुरी कार से शराब का परिवहन कर रहा है। मिली जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने 18 नवंबर को बसंत नगर नारायणपुर के गली में सफेद रंग की वाहन क्रमांक सीजी 04 बी 7213 का तालाशी लिया। वाहन में 7 नग बियर, 26 नग गोल्डन गोवा। शराब की कुल कीमत लगभग 4 हजार 580 रूपएं को जप्त किया। पुलिस ने आरोपी पोरोण्डी निवासी किसन दास मानिकपुरी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, चालक घायल

**कांकेर।** लोहत्तर थानांतर्गत सिलपट नाका से कुछ दूर दमकसा रोड के पास सड़क दुर्घटना में 45 वर्षीय हिराय बाई उसेंडी का मौत हो गया। सिलपट निवासी 36 वर्षीय दुवारू मंडावी ने पुलिस को बताया कि मोटर सायकल क्रमांक सीजी 8 एडब्ल्यू 5192 का दमकसा रोड कोसुम पेड़ के पास 18 नवंबर को दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई व बाइक चालक घायल हो गया।

**न्यायालय विवाह अधिकारी**
**रायपुर (छ.ग.)**
**फार्म 'अ'**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री दाउकरण गंगापले पिता श्री दीनदयाल गंगापले निवासी वार्ड 06 गणेश चौक ग्राम परसतराई पोस्ट पोटियाडीह तहसील व जिला धमतरी एवं कु. चाँदनी पटेल पिता श्री डोमन लाल पटेल निवासी नागेश्वर मंदिर के सामने दीपक कॉलोनी न्यू राजेन्द्र नगर अमलीडीह जिला रायपुर ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 07 दिसम्बर, 2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 07 नवम्बर, 2025 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

अवधि 30 दिन से कम न हो

**विवाह अधिकारी,**
**रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम पुरेना तहसील भखारा जिला-धमतरी छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 518 रकबा 0.14 हे. भूमि को भूमि स्वामी 1 सोनती बाई पति गोविन्द, 2 पवन कुमार पिता गोविन्द, 3 पिकेश्वर पिता गोविन्द, 4 अनीता पिता गोविन्द, 5 आरती पिता गोविन्द, 6 माया पिता गोविन्द, 7 अंजली पिता गोविन्द के द्वारा अनिल सोनवानी पिता दाऊलाल सोनवानी के पास बिक्री करने का सौदा कर बिक्री इकरानामा निष्पादित किया गया है तथा उक्त भूमि आज दिनांक किसी भी बैंक/वित्तीय संस्था, साहूकार के पास ऋण अदायगी शेष नहीं है। विक्रेता पक्षकारगण के द्वारा बिक्रीत भूमि को मेरे पक्षकार के पक्ष में अविलंब रजिस्ट्री पत्र निष्पादन किया जावेगा यदि किसी व्यक्ति, संस्था या निज निकाय को बिक्रीत भूमि के संबंध में किसी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो दैनिक प्रकाशन सूचना तिथि से 15 दिवस के अंदर मुझसे स्वयं या मेरे पक्षकार से या अपने किसी अविभाषक के माध्यम से लिखित में दावा आपत्ति कर सकते हैं। म्याद अवधि पश्चात दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगा।

सो अंतिम सूचना जाने
दिनांक :-19/11/25

**भवदीय**
**जीवराम ध्रुवंशी अधिवक्ता**
**सिविल कोर्ट कुरूद**
**जिला-धमतरी, मो. 9009866849**

तहसील स्वर्णकार समाज ने मनाया वार्षिक सम्मेलन, दीपावली मिलन

# समाज का विकास तभी होगा जब सभी मिलकर कार्य करेंगे : अम्बिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

- युवा शक्ति शिल्पकार बनकर आगे बढ़ें : वीरेंद्र






तहसील स्वर्णकार समाज मगरलोड का वार्षिक सम्मेलन, दीपावली मिलन व प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम मधुबनधाम रांकाडीह में हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अंबिका मरकाम विधायक ने कहा कि समाज का विकास तभी होगा जब सभी मिलकर कार्य करेंगे। स्वर्णकार समाज एक जागरूक एवं सोना गढ़ने वाला समाज है। समाज में युवकों की भागीदारी अधिक होनी चाहिए ताकि समाज की रीति-नीति को समझकर, नई संरचना बना सके। समाज के पदाधिकारियों ने विधायक से स्वर्णकार कला बोर्ड और मगरलोड में स्वर्णकार भवन की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

अति विशिष्ट अतिथि वीरेन्द्र साहू अध्यक्ष जपं मगरलोड ने कहा कि स्वर्णकार समाज अपने पूर्वजों की परम्पराओं का निर्वहन कर रहा है। स्वर्णकार समाज की एकता उनके पूर्वजों की देन है। उन्होंने समाज की मजबूती के लिए सभी को मिलजुलकर कार्य करने प्रेरित किया। मनहरण सोनी अध्यक्ष छग ने कहा कि समाज की एकता और मजबूत के लिए हर स्वर्णकार बंधुओं को मिल जुलकर कार्य करना चाहिए। देवनाथ सोनी संरक्षक ने समाज की एकता के लिए सभी को सक्रिय रूप से जोड़ने की अपील की।

नंदकिशोर सोनी अध्यक्ष जिला स्वर्णकार समाज ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से सामाजिक एकता मजबूत होती है। सुरेश साहू अध्यक्ष नगर पंचायत मगरलोड, मीना साहू सदस्य जिपं धमतरी, प्राधिकृत अधिकारी शत्रुघन साहू, उषा सोनी धमतरी, ध्रुव कुमार सोनी ने कहा कि खर्चीली शादी में बदलाव लाना जरूरी है। सामूहिक आदर्श विवाह पर जोर दिया। डाली सोनी ने कहा कि समाज को संगठित करने लगातार संघर्ष कर रहा हूं। सभी वर्ग को सामूहिक आदर्श विवाह करना चाहिए, जो समाज के लिए अनुकरणीय पहल होगी। अन्नू सोनी धमतरी, ओंकार सोनी, महेश सोनी, कृष्णा सोनी, धर्मेंद्र सोनी, धर्मेंद्र सोनी ने विचार व्यक्त किए। मंच संचालन अश्वनी सोनी, ताराचंद सोनी ने किया।

मौके पर राधेश्याम सोनी, नरोत्तम सोनी, भरत सोनी, मनीषा ध्रुव, रूक्मणि सिंह, भीखम सोनी, नारद सोनी, संतोष सोनी, सरिता कश्यप, धर्मेंद्र सोनी, मनोज सोनी, दयाराम, राजेन्द्र सोनी, मन्नू लाल सोनी, भीखमचन्द सोनी, लक्ष्मीकांत सोनी, प्रेमलता सोनी, ज्योति सोनी समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

# सांसद भोजराज ने किया नवीन आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण



- वार्डवासियों की वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी, बच्चों व महिलाओं की सुविधाओं में होगा विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 5, रानी दुर्गावती चौक के पास निर्मित नवीन आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण हुआ। वार्डवासियों की लंबे समय से लंबित मांग आज पूरी हुई, जिससे क्षेत्र में खुशियों का माहौल है।

इस भवन के निर्माण के लिए वार्ड क्रमांक 5 की पार्षद विनिता कोठारी द्वारा विभाग व नगर पंचायत को लगातार आवेदन प्रस्तुत किए गए थे। उनके निरंतर प्रयास का ही परिणाम है कि वार्ड को एक सुसज्जित, सुव्यवस्थित एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त आंगनबाड़ी भवन की सौगात मिली है। नवीन भवन का लोकार्पण कांकेर सांसद भोजराज नाग ने किया। अन्य अतिथित नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, वार्ड पार्षद विनिता कोठारी, अश्विनी निषाद, देवचरण ध्रुव, अलका साव, राजा पवार, शंकर देव, नपं सीएमओ यशवंत वर्मा, इंजीनियर परमेश ध्रुव, दुर्गेश साहू, राजेंद्र साहू, पुष्कर पाटिल, आंगनबाड़ी विभाग के अधिकारी सोमेंद्र साहू, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन में वार्ड के बच्चों को पोषण, शिक्षा व स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध होंगी। साथ ही महिलाओं के परामर्श, प्रशिक्षण एवं विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। यह भवन वार्ड विकास के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा।

# महिलाओं की उन्नति और सुरक्षा समाज की प्रगति का आधार : ओंकार

- देवपुर में विधायक ने किया महतारी सदन निर्माण कार्य का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



ग्राम देवपुर में महतारी सदन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधायक ओंकार साहू ने किया। उन्होंने कहा कि महतारी सदन ग्रामीण क्षेत्र की माताओं और बहनों के सम्मान, सुरक्षा और सर्वांगीण सशक्तिकरण को समर्पित एक महत्वपूर्ण पहल है, जो क्षेत्र के सामाजिक विकास में नई ऊर्जा का संचार करेगा। आगे कहा कि महिलाओं की उन्नति और सुरक्षा किसी भी समाज की प्रगति का आधार है। महतारी सदन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को एक सुरक्षित, सम्मानजनक और संसाधन-समृद्ध वातावरण प्राप्त होगा, जहां वे प्रशिक्षण, कौशल विकास, स्वास्थ्य परामर्श, सामुदायिक सहयोग और सहायता जैसी सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगी। यह केंद्र महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, सामाजिक नेतृत्व में उनकी भागीदारी बढ़ाने और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से उन्हें प्रभावी रूप से जोड़ने में मील का पत्थर सिद्ध होगा। महतारी सदन का निर्माण शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा और समय-सीमा में पूर्ण कर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए समर्पित कर दिया जाएगा। इस दौरान जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, केशव राम साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, जिला पंचायत सदस्य मोनिका देवांगन, हरनारायण साहू जनपद सदस्य, शारदा कंवर, रामप्रसाद अग्निवंशी, सरपंच देवलाल साहू, लता बाई निषाद समेत अन्य मौजूद थे।

# कहानी पंच परमेश्वर के नाट्य मंचन को दर्शकों ने खूब सराहा





- बकली के एनएसएस शिविर में छात्रों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 01 द्वारा ग्राम बकली में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का षष्ठम दिवस महत्वपूर्ण रहा। रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बाजार चौक में किया गया। प्रेमचंद कृत पंच परमेश्वर कहानी के नाट्य मंचन को दर्शकों ने खूब सराहा।

राजगीत की प्रस्तुति ने जहां दर्शकों को रोमांचित किया वहीं आदिवासी गीत, रीलो गीत, राउत नाचा, सुआ नृत्य, कर्मा नृत्य आदि ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। बीएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा साक्षी पाल द्वारा लिखित कहानी शराब से परेशान महिलाएं के नाट्य रूपांतरण का भी मंचन किया गया। साक्षी पाल ही मुख्य किरदार की भूमिका में रहीं। छात्र नितिन ने शराबी पति का किरदार बखूबी निभाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के समापन में नारायण लाल परमार द्वारा लिखित गीत गांव अभी दुरिहा हे का संगीतमय सामूहिक गायन छात्र-छात्राओं के द्वारा किया गया। सर्द भरी रात में भी दर्शक रात्रि 11 बजे तक जमे रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक एवं संगीतकार बालेंद्र साहू, कुलभूषण चंद्राकर एवं जयकिशन साहू की भूमिका रही। मौके पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष टिकेश साहू, भोजराज चंद्राकर, खेमराज सिन्हा, कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार, सहायक प्राध्यापक अमित टंडन, डॉ. विक्रम सिंह एवं कौस्तुभ तिवारी उपस्थित थे।

# विशाल रंगोली बनाकर छात्रों ने दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश

- फरसियां स्कूल में सरदार पटेल की जयंती पर आत्मनिर्भर भारत पदयात्रा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी





शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसियां में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर आत्मनिर्भर भारत पदयात्रा का शुभारंभ किया गया। विद्यालय प्रांगण में छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई विशाल रंगोली ने सभी का मन मोह लिया, जिसे कांकेर सांसद भोजराज नाग सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने सराहा।

रंगोली के माध्यम से विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और विविधता में एकता का संदेश दिया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बताया कि भारत की पहचान उसकी विविधता में निहित एकता है और देश सर्वोपरि है। शहीद स्मारक पहुंचकर शहीद रतन सिंह मरकाम की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर सांसद भोजराज नाग, जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, जिला पंचायत सदस्य अजय ध्रुव, जनपद सदस्य कमलेश साहू, सरपंच केशव टेकाम, महेंद्र नेताम सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्राओं द्वारा तैयार एकता की दौड़ थीम आधारित रंगोली का अवलोकन कर उनकी सृजनशीलता की प्रशंसा की। रंगारंग कार्यक्रमों के बाद यूनिटी मार्च विद्यालय परिसर से आरंभ हुआ, जिसमें सैकड़ों छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण हाथों में तिरंगा लिए एक भारत श्रेष्ठ भारत एकता में शक्ति सरदार पटेल अमर रहे जैसे नारों के साथ उत्साहपूर्वक शामिल हुए। मौके पर एबीओ माहेश्वरी ध्रुव, प्राचार्य नीरज सोन सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# नशा परिवार और समाज के लिए घातक : डॉ साहू

- जीजामगांव कॉलेज में नशामुक्ति जागरूकता पर हुई संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव





दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम पर संगोष्ठी डॉ सीआर यदु प्राचार्य एवं अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार साहू, उदय कुमार सचिव की उपस्थिति में हुई। डॉ साहू ने कहा कि नशा हमारे समाज की एक जटिल समस्या बन चुका है। यह न केवल एक व्यक्ति के जीवन को बर्बाद करता है बल्कि परिवार और समाज पर भी गहरा प्रभाव डालता है। सचिव उदय साहू ने बताया कि नशा आज गंभीर समस्या बन चुका है जो व्यक्ति के शारीरिक मानसिक और सामाजिक जीवन को बुरी तरह प्रभावित करता है। आज के डिजिटल युग में ऑनलाइन गेमिंग और सोशल मीडिया की लत ने नशा का एक नया और खतरनाक रूप ले लिया है। यह आदतें धीरे-धीरे व्यक्ति को वास्तविक जीवन से दूर कर देती हैं और उन्हें मानसिक और भावनात्मक रूप से कमजोर बना देती हैं। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को ए सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। कार्यक्रम में पृथ्वीराज साहू, पुष्पा दर्रो, ऋतुराज साहू, तारिणी साहू, प्रिया ठाकुर, हामनी यादव, तोमेंद्र ठाकुर का योगदान रहा। आभार प्रदर्शन प्राचार्य डॉक्टर सीआर यदु ने किया।

## बोड़रा में शासकीय महाविद्यालय मगरलोड का सात दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न

# एनएसएस छिपी प्रतिभा को निखारने का माध्यम : राजेश





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



ग्राम बोड़रा में यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 12 से 18 नवंबर तक एनएसएस शिविर आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष राजेश साहू रहे, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती पूनम दशरथ, सरपंच केवल राम वर्मा, जनभागीदारी समिति सदस्य होरीलाल, उपसरपंच योगेश्वर वर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष रूपेश साहू तथा पंचगण थे।

मुख्य अतिथि राजेश साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं की छिपी प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम है।

स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपनाकर युवा समाज सेवा और आत्मविकास की राह पर आगे बढ़ सकते हैं। प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर ने कहा कि एनएसएस शिविर के माध्यम से छात्रों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीम वर्क और सामाजिक दायित्व का विकास होता है।

जनभागीदारी समिति सदस्य होरीलाल ने कहा कि एनएसएस शिविर से मिली सीख को छात्रों को अपने दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए। जनपद सदस्य श्रीमती पूनम ने युवाओं को लक्ष्य के प्रति निरंतर सकारात्मक प्रयास करते रहने की प्रेरणा दी। सरपंच केवलराम वर्मा ने गांव में स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति रैली, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन के लिए स्वयंसेवकों की सराहना की। उपसरपंच योगेश्वर वर्मा और ग्रामीण अध्यक्ष रूपेश साहू ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सात दिवसीय शिविर में महाविद्यालय के 70 स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों के बीच स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम, वृक्षारोपण संदेश, नशा मुक्ति जागरूकता, मतदाता जागरूकता तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से जनजागरूकता फैलाकर समाज में सकारात्मक संदेश दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमा चंद्राकर, डॉ. सुशीला समेत सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# पीएमश्री स्कूल में छात्रों को दिए करियर गाइडेंस के टिप्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय भैंसमुण्डी मगरलोड के छात्रों को रायपुर के फारेंसिक वैज्ञानिक डॉ अमित कुमार पटेल द्वारा करियर गाइडेंस के टिप्स दिए गए। श्री पटेल एनआईएसईआर भुवनेश्वर के विद्यार्थी रहे। उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन एवं कार्य के अनुभव को बच्चों के साथ साझा किया। श्री पटेल वर्तमान में पुलिस साक्ष्य विभाग रायपुर में वैज्ञानिक के पद पर पदस्थ हैं। विद्यालय स्टाफ ने विद्यार्थियों को अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर परप्राचार्य पीएस दीवान, व्याख्याता डीआर साहू, हरि साहू, यादराम साहू, राजेश साहू उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### अंजुमन स्कूल में वार्षिक खेलकूद एवं बाल मेला हुआ



**धमतरी।** अंजुमन हायर सेकेण्डरी स्कूल में बाल दिवस पर वार्षिक खेलकूद एवं बाल आनंद मेला का आयोजन किया गया। फैंसी ड्रेस, पहले आओ पहले पाओ, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, मेहंदी, रंगोली प्रतियोगिता, क्रिकेट, चम्मच दौड़, मेंढक दौड़, सुई धागा दौड़, लम्बी कुद, रिलेरेस, मटका फोड़, बैलून डॉस, कुर्सी दौड़, गोली चम्मच, 100 मीटर दौड़, बुक बैलेंस जैसी विभिन्न प्रतियोगिता हुई। इस अवसर पर सैयद असदुल हुसैन ने कहा कि जीवन में खेलकूद व व्यायाम जरूरी है। प्राचार्य श्रीमती शबाना खान ने विभिन्न खेलों के बारे में जानकारी दी। मौके पर प्राचार्य श्रीमती शबाना खान, उपप्राचार्य अब्दुल सत्तार खान, वरिष्ठ शिक्षक मो. असलम भाटी, फरीद खान, चित्रकुमार ध्रुव, फिरोजा खान, साबरा हुसैनी, राबिया खान, मंजु देवांगन, सरोज शिंदे, भारती सिन्हा, नेहा पदमवार, नाजमा शेख, डिगेश्वर गजेन्द्र, राजेन्द्र साहू, हमीदा मेमन, नाजमा खान, शबाना अंजुम, निकहत कुरैशी, अमीना खान समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### निगम कर्मियों ने लिया नशामुक्त समाज निर्माण का संकल्प



**धमतरी।** नशामुक्त भारत अभियान के तहत 18 नवंबर को धमतरी नगर निगम कार्यालय में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में निगम के अधिकारी, कर्मचारी, वेस्ट पिकर्स तथा सफाई व्यवस्था से जुड़े कर्मचारियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को कमजोर करता है। परिवार एवं समाज पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि नगर निगम का दायित्व केवल सफाई और विकास कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक जागरूकता बढ़ाने में भी निगम की महत्वपूर्ण भूमिका है। आयुक्त प्रिया गोयल ने कहा कि नशामुक्त भारत अभियान तभी सफल होगा जब प्रत्येक नागरिक व्यक्तिगत स्तर पर नशा त्यागने का दृढ़ निश्चय करे। उन्होंने कहा कि निगम प्रशासन लगातार ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से जन-जागरूकता बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। आयुक्त ने कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने आसपास के लोगों को भी नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराएं और नशा-मुक्त वातावरण निर्माण में सक्रिय सहयोग दें।

### कोसरिया यादव समाज मनाएगा 7 को गीता जंयती



**धमतरी।** छग कोसरिया यादव समाज की नगर इकाई धमतरी संगठन द्वारा 7 दिसंबर को गीता जयंती महोत्सव मनाया जाएगा। इस परिप्रेक्ष्य में सामाजिकजनों की बैठक आमातालाब के पास यादव समाज भवन में हुई। कार्यक्रम के लिए सभी को अलग-अलग दायित्व सौंपा गया है। गीता जयंती महोत्सव के दिन यादव समाज की विशाला शोभायात्र पुरानी कृषि मण्डी से निकलेगी। शोभायात्रा में समाज के सदस्य पीले रंग के परिधान में रहेंगे। मुख्य आकर्षण महिलाओं की कलश यात्रा एवं राउत नाचा रहेगा। बैठक में नगर इकाई अध्यक्ष रामेश्वर यादव, उपाध्यक्ष नरेन्द्र यादव, बंशी यादव, शिक्षक एनआर यादव, रामअवतार, हंशु यादव, राजेन्द्र राजू यादव, चुनेश्वर, तुलसीराम, अशोक, भगत, रामजीवन, भरत, नन्दकिशोर, सुरेखा यादव, सुनीता, गंगू यादव, लीली, नंदनी, किरण समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

### केंद्रीय मंत्री के दौरे पर पुलिस ने एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को किया नजरबंद



**धमतरी।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के धमतरी आगमन के दौरान पुलिस प्रशासन ने एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन सहित कई कार्यकर्ताओं ओमप्रकाश मानिकपुरी, नमन बंजारे, नोमेश सिन्हा, तेजप्रताप साहू, तेजप्रकाश साहू, संजु नेताम, कार्तिक मरकाम, पुरन सोनी और तामेश्वर भोयर को नजरबंद कर लिया। एनएसयूआई का कहना है कि कार्यकर्ता केंद्र सरकार की किसान विरोधी नीतियों *और युवाओं की उपेक्षा* को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखना चाहते थे, लेकिन प्रशासन ने उन्हें रोक दिया। जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने कहा कि किसान अभी भी अपनी उपज का उचित मूल्य पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। धान विक्रय को लेकर प्रदेश के किसान चिंतित हैं, जबकि बेरोजगारी से युवा वर्ग परेशान है। लेकिन इन मुद्दों पर जवाब देने के बजाय सरकार विपक्षी आवाज़ों को दबाने का प्रयास कर रही है।

### अलंकरण समारोह में सिद्धार्थ, आयुष हुए सम्मानित



**धमतरी।** विद्या भारती सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर द्वारा आयोजित मेधावी छात्र अलंकरण समारोह में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी के दो छात्रों को सम्मानित किया गय। छात्र सिद्धार्थ सोनकर ने जिला स्तर पर आयोजित हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र आयुष साहू ने सेकेण्डरी परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गजेन्द्र यादव स्कूल शिक्षा मंत्री के मुख्य आतिथ्य में मानदेय राशि एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। ये दोनों छात्र शुरू से ही मेधावी रहे। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप शर्मा, उपाध्यक्ष ऋषिकांत सन्हिा, सचिव डॉ. रवि शांडल्यि, सहसचिव ईशु नाग, कोषाध्यक्ष महावीर श्रीमाल, प्राचार्य श्रीमती खेमिन साहू समेत आचार्यगणों ने हर्ष जताया है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी केवलसिंह साहू आचार्य ने दी।

अछोटी में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ, भजनों की झड़ी से श्रद्धालु हुए भाव-विभोर

# असंभव को संभव कर दे वही भगवान है : पं. युवराज

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम अछोटी के खेल मैदान में 17 से 23 नवंबर तक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। परीक्षित के रूप में टीकाराम त्रिवेणी साहू रहे। सोमवार को कथा के शुभारंभ अवसर पर गांव की गलियों में कलश यात्रा निकाली गई तथा विधि-विधान से गौकर्ण पूजा की गई। कथा का वाचन अमलीपदर (जिला गरियाबंद) से पधारे कथावाचक पंडित युवराज पांडेय महाराज द्वारा किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से प्रारंभ हो रही है।

कथावाचक आचार्य पाण्डेय ने कथावाचन के साथ ही भजनों की झड़ी लगा दी, जिनकी सुर-लहरियों से पूरा पांडाल भक्तिरस में सराबोर हो गया। उन्होंने प्रहलाद चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि जो असंभव को संभव कर दे वही भगवान है। हिरण्यकश्यप और प्रहलाद के प्रसंग से उन्होंने यह बताया कि सत्य और भक्ति की शक्ति हमेशा दुष्टता पर विजय प्राप्त करती है। खंभे से भगवान नरसिंह का प्रकट होकर हिरण्यकश्यप वध का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

आचार्य पांडेय ने आगे समुद्र मंथन की कथा सुनाई, जिसमें देवताओं और असुरों द्वारा क्षीरसागर मंथन, शिव द्वारा हलाहल विष का पान कर नीलकंठ कहलाना और चौदह रत्नों की प्राप्ति का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने मोहिनी रूप में विष्णु द्वारा देवताओं को अमृत वितरण की कथा सुनाकर सबको आध्यात्मिक आनंद से भर दिया।

इसके बाद उन्होंने वामन अवतार की कथा सुनाई। राजा बलि द्वारा तीन पग भूमि का दान, गुरु शुक्राचार्य की चेतावनी और वामन देव द्वारा पृथ्वी, आकाश को नापते





हुए तीसरा पग राजा बलि के सिर पर रखने का प्रसंग कथा का मुख्य आकर्षण रहा। कथा के दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। इस आयोजन में विष्णुराम, बलीराम, राधाबाई, टीकाराम, त्रिवेणी सहित जेठूमल परिवार का विशेष योगदान रहा। कथा सुनने गांव एवं आसपास क्षेत्र के श्रद्धालु पहुंचे रहे हैं।

## बाल मेला बच्चों के शारीरिक, मानसिक और भाषाई विकास के लिए महत्वपूर्ण



- सेमरा बी में एफएलएन के साथ आनंद मेला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अंतर्गत बच्चों की बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक क्षमता को मजबूत करने शासकीय प्राथमिक शाला चांदापारा के तत्वावधान में बाल दिवस पर सेमरा बी के शासकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर में एफएलएन सह आनंद मेला का आयोजन किया गया। खेल आधारित शिक्षण, रचनात्मक कार्य तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मेले को विशेष बनाया। बच्चों द्वारा तैयार किए गए व्यंजन भी आकर्षण का केंद्र रहे। लीलेश्वर ग्वाल प्रपा ने कहा कि इन मेलों का उद्देश्य बच्चों के शारीरिक, मानसिक और भाषाई विकास का मूल्यांकन करना और माता-पिता को उनके बच्चों की प्रगति से परिचित कराना है। अतिथियों ने लगाए गए 20 स्टालों का निरीक्षण किया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती पूजा सिन्हा ने बच्चों द्वारा बनाई गई शिक्षण सामाग्री एवं गतिविधियों को सराहा। अध्यक्षता कर रहे बनिता सिन्हा जनपद सदस्य कुरुद ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे मेले का आयोजन आवश्यक है। बीआरसीसी कुरुद श्री सिन्हा ने एफएलएन मेला के उद्देश्य को बताया। कार्यक्रम का संचालन पुरुषोत्तम सेन शिक्षक व आभार प्रदर्शन राजेन्द्र टंडन प्रपा ने किया। कार्यक्रम में तुलेश्वर सिन्हा अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति शा.प्रा.वि. चांदापारा, रूक्मणि सिन्हा अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति शा.मा.वि. सेमरा बी, नरोत्तमसिंह ठाकुर शिक्षाविद, धनसिंग सेन, दीनदयाल साहू, कन्हैया साहु, सोनू पटेल, गंगोत्री सिन्हा, लीना सिन्हा, रीना साहू, कुसुम देवांगन, पंचकुमार ध्रुव संकुल समन्वयक, श्रवण साहू प्राचार्य, लोकनाथ ढीढी व्याख्याता, घनश्याम प्रसाद वर्मा, डगेश्वर प्रसाद साहू, यशोदा महमल्ला, तनु यादव समेत अन्य मौजूद थे।

## पीएम किसान निधि सम्मान समारोह में शामिल हुए प्रीतेश, हेमराज



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी में आयोजित प्रदेशस्तरीय पीएम किसान निधि सम्मान समारोह कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय कृषि व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ प्रीतेश गांधी प्रदेश सह कार्यालय मंत्री भाजपा छत्तीसगढ़ और गौ सेवा आयोग के जिलाध्यक्ष हेमराज सोनी शामिल हुए।



## स्वदेशी उत्पादों के उपयोग से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी

- कुरूद महाविद्यालय में स्वदेशी जागरण पर हुआ सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुरूद में प्राचार्य डा. अरुण कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई –02 द्वारा स्वदेशी जागरण सम्मेलन का आयोजन किया गया। अतिथि भूपेंद्र मिश्रा जिला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच, सुरेन्द्रपुरी गोस्वामी जिला प्रबंधक उद्योग विभाग, लक्ष्मीकांत द्विवेदी, दक्षिणेंद्र गिरी, पवनगिरी गोस्वामी,



डा. राजकुमार पाण्डे विभागाध्यक्ष हिंदी एवं मनहरणसिंह साहू विभागाध्यक्ष भूगोल थे। इस अवसर पर प्राचार्य श्री मिश्रा ने कहा कि स्वदेशी अपनाना केवल उत्पादों का प्रयोग नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है। उन्होंने विद्यार्थियों से किसानों, कारीगरों और उद्यमियों का समर्थन करने का आग्रह किया। मुख्य वक्ता भूपेंद्र मिश्रा ने विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता कम कर भारतीय उत्पादों को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं को स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान करने का आह्वान किया। सुरेन्द्रपुरी गोस्वामी ने कहा कि स्वदेशी जीवनशैली से सांस्कृतिक संरक्षण के साथ रोजगार और पर्यावरण दोनों को लाभ पहुंचता है। कार्यक्रम में लक्ष्मीकांत द्विवेदी ने सभी लोगों को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई। मंच संचालन कार्यक्रम अधिकारी रेणु पाटले व आभार प्रदर्शन मनहरण सिंह साहू ने किया।

## नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर को प्रधान जिला न्यायाधीश ने ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

इस वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर को होगी। नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण एवं तैयारी के संबंध में रामकुमार तिवारी प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला न्यायालय के सभी न्यायधीशों एवं अधिवक्ता संघ धमतरी के साथ बैठक की।

बैठक में इस बात पर विशेष चर्चा की गई कि न्यायालय में लंबित प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में राजीनामा के माध्यम से लोक अदालत में निराकृत किए जाने का प्रयास किया जाए। अधिवक्ताओं को सुझाव दिया गया कि वे अपने पक्षकारों के प्रकरणों को राजीनामा के आधार पर निराकृत कराए जाने के संबंध में समझाएं और उसे राजीनामा हेतु चर्चा करने के लिए न्यायालय समक्ष लेकर आएं। बैठक मेंविनोदकुमार देवांगन कुटुंब न्यायाधीश, श्रीमती उषा गेंदले जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, श्रीमती नमिता मिंजा भास्कर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, श्रीमती नेहा उसेंडी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी, सुश्री मीनु नंद न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुश्री रिया गनवीर न्यायिक मजिस्ट्रेट, सौरभ मिश्रा उपाध्यक्ष अधिवक्ता संघ धमतरी समेत अनेक अधिवक्ता उपस्थित थे।

**न्यायालय में उपस्थिति के लिए समंस आदेश 05 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत )**
**न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)**

हरिश कुमार सिन्हा .वादी

**बनाम**

आम जनता वगैरह ...प्रतिवादीगण

व्य. वा. क्र. 280 अ / 2025

पेशी दिनांक 05/01/2026, प्रो.क्र. 2585/25

प्रति,

आमजनता वगैरह,

चूंकि वादी के द्वारा आप प्रतिवादी आम जनता वगैरह के विरूध्द ग्राम सेमरा (बी), प.ह.न.06, तहसील भखारा, जिला धमतरी (छ.ग.) में स्थित खाता क्रमांक 937 ऋण पुस्तिका क्रमांक 814217 के कृषि भूमि खसरा नम्बर क्रमशः 677, 688, 694/2, 1094/1, 1597/2, रकबा 0.3100, 0.4500, 0.3100, 0.6800, 0.3300 हे. कुल रकबा 2.0800 हे. राजस्व अभिलेख में राजू पिता अयोध्या प्रसाद सिन्हा के नाम पर हल्का पटवारी द्वारा त्रुटिवश इन्द्राज कर दिया गया है। जबकि वादी का वास्तविक नाम हरीश कुमार सिन्हा पिता अयोध्या प्रसाद सिन्हा है, जिस कारण वादी कृषि में तरक्की हेतु खाद-बीज तथा छ.ग. शासन से मिलने वाली सुविधाओं से वंचित होने के संदर्भ को लेकर इस न्यायालय में राजू एवं हरीश कुमार सिन्हा दोनो एक ही व्यक्ति के नाम है, तथा राजस्व अभिलेख में राजू को विलोपित कर हरीश कुमार सिन्हा दर्ज करने की घोषणा का वाद संस्थित किया है, इस कारण आम जनता वगैरह जिसको आपत्ति हो, इस न्यायालय में दिनांक 05/01/2026 को सुबह 11:00 बजे दावा का उत्तर देने उपस्थित होने के लिए समंस जारी किया जाता है। आप आम जनता वगैरह इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे वकील द्वारा उपस्थित हो जिसे तत्संबंध मे अनुदेश दिये गये हो, जो इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके।

अतः आप आमजनता वगैरह/ प्रतिवादीगण को सूचित किया गया जाता है कि, यदि आप उपर वर्णित की गई तारीख को इस न्यायालय मे उपस्थित नही होगें तो, वाद की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति मे किया जावेगा, पेशी तारीख में अवकाश घोषित होने पर प्रकरण आगामी कार्य दिवस पर लिया जावेगा।

आज दिनांक 18/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

मुहर

**रजत कुमार निराला**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी**
**कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)**

**न्यायालय में उपस्थिति के लिए समंस आदेश 05 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत )**
**न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)**

रवि कुमार सिन्हा ...वादी

बनाम

आम जनता वगैरह ...प्रतिवादीगण

व्य. वा. क्र. 279 अ/2025 पेशी दिनांक 05/01/2026

प्रो.क्र. 2580/25

प्रति,

आमजनता वगैरह

चूंकि वादी के द्वारा आप प्रतिवादी आम जनता वगैरह के विरूध्द ग्राम सेमरा (बी), प.ह.न. 06, तहसील भखारा, जिला धमतरी (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि खसरा नं क्रमशः 693/1, 694/1, 1597/1, 1627, 1628/2 रकबा क्रमशः 0.6000, 0.4700 0.6500, 0.1800, 0.5000 हें. कुल खसरा 05 कुल रकबा 2. 4000 हे. राजस्व अभिलेख में वादी का ग्राम में प्रचलित नाम होने के कारण रवीन्द्र उर्फ रवी उर्फ पप्पू पिता अयोध्या प्रसाद सिन्हा के नाम पर हल्का पटवारी द्वारा त्रुटिवश इन्द्राज कर दिया गया है। जबकि वादी का वास्तविक नाम रवि कुमार सिन्हा पिता अयोध्या प्रसाद सिन्हा है, जिस कारण वादी कृषि में तरक्की हेतु खाद-बीज तथा छ.ग. शासन से मिलने वाली सुविधाओं से वंचित होने के संदर्भ को लेकर इस न्यायालय में रवीन्द्र उर्फ रवी कुमार उर्फ पप्पू एवं रवि कुमार सिन्हा सभी एक व्यक्ति के नाम है, तथा राजस्व अभिलेख में रवीन्द्र उर्फ रवी कुमार उर्फ पप्पू को विलोपित कर रवि कुमार सिन्हा दर्ज करने की घोषणा का वाद संस्थित किया है, इस कारण आप आमजनता वगैरह जिसको आपत्ति हो, इस न्यायालय में दिनांक 05/01/2026 को सुबह 11:00 बजे दावा का उत्तर देने उपस्थित होने के लिए समंस जारी किया जाता है। आप आम जनता वगैरह इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे वकील द्वारा उपस्थित हो जिसे तत्संबंध मे अनुदेश दिये गये हो, जो इस वाद से संबंधित सारवान पश्नो का उत्तर दे सके।

अतः आप आम जनता वगैरह / प्रतिवादीगण को सूचित किया गया जाता है कि, यदि आप उपर वर्णित की गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होगें तो वाद की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति मे किया जावेगा, पेशी तारीख में अवकाश घोषित होने पर प्रकरण आगामी कार्य दिवस पर लिया जावेगा।

आज दिनांक 18/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

मुहर

**रजत कुमार निराला**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कुरूद,**
**जिला धमतरी (छ.ग.)**



## खबर संक्षेप

### मड़ेली में ग्राम विकास समिति का गठन

**जीजामगांव।** ग्राम मड़ेली में ग्राम विकास समिति का गठन सरपंच श्रीमती वीणा लक्ष्मी नारायण साहू एवं उपसरपंच ओमप्रकाश देवांगन कर मौजूदगी में किया गया। सभी ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर अपने गांव के विकास करने की बात दोहराई। इस ग्राम में लगभग 21 से 22 जाति के लोग निवास करते हैं। बड़ा गांव होने की वजह से गांव में अनुशासनहीनता था। इसी को ध्यान में रखकर ग्रामीण विकास समिति तैयार की गई। संरक्षक नारायणगिरी गोस्वामी एवं शारदा लोकनाथ साहू, अध्यक्ष संतराम साहू, सचिन चेतन साखरे, कोषाध्यक्ष लालचंद चंदेल, उपाध्यक्ष महेंद्र निर्मलकर एवं ताराचंद साहू, सोशल मीडिया प्रभारी शेखर साहू निर्वाचित हुए हैं। सदस्यों में भागवत यादव, तुलस निषाद, नारद ढीमर, महेंद्र निर्मलकर, नारायण शर्मा, गणेश बैस, ठाकुरराम विश्वकर्मा, संतोष चंद्राकर, घनाराम ध्रुव, चैतराम देवांगन, राकेश कौशिक, विजय साहू, शेरसिंह साहू, भागवत शामिल हैं।

रायपुर-धमतरी के बीच नए साल में दौड़ेगी बड़ी रेल

# सौ साल पुराना सपना अब होगा पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



रायपुर बड़ी रेललाइन ब्रॉडगेज प्रोजेक्ट नए साल में साकार होने की ओर है। जनवरी 2026 से धमतरी से रायपुर के बीच बड़ी रेल सेवा शुरू करने की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। रेलवे विभाग ने ट्रैक बिछाने से लेकर स्टेशनों के आधुनिकीकरण तक अधिकांश कार्य पूरे कर लिए हैं और अब अंतिम चरण में ट्रायल रन और स्टेशन साज-सज्जा का काम जारी है। यह परियोजना न केवल परिवहन सुविधा देगी, बल्कि पूरे दक्षिण छत्तीसगढ़ के विकास की नई पटरी तैयार करेगी।

धमतरी, कुरूद, अभनपुर, राजिम और रायपुर के बीच यात्रा अब तेज, सुरक्षित और किफायती होगी। 67 किलोमीटर लंबे इस मार्ग में से 51 किलोमीटर तक ट्रैक बिछ चुका है, जबकि धमतरी से सेनचुवा तक शेष 16 किलोमीटर पर कार्य तेजी से चल रहा है। रेलवे ने दिसंबर 2025 तक शेष ट्रैक पूरा करने का लक्ष्य रखा है। परिस्थितियां अनुकूल रहीं तो जनवरी 2026 के पहले सप्ताह में ट्रायल रन संभव है।

अभनपुर-कुरूद सेक्शन में ट्रैक और बिजलीकरण का काम अंतिम चरण में है, जहां नवंबर 2025 में ट्रायल प्रस्तावित है। इसके सफल होने पर जनवरी के अंतिम सप्ताह तक धमतरी रेलवे स्टेशन से पहली बड़ी रेल को हरी झंडी दिखाने की तैयारी होगी।

धमतरी स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित किया जा रहा है। दो प्लेटफार्म, एक लूप लाइन और करीब 70 करोड़ रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक गुड्स टर्मिनल बनाया जा रहा है, जो वनोपज, चावल मिलों और कृषि उत्पादों के परिवहन का नया केंद्र बनेगा। स्टेशन परिसर से अतिक्रमण हटाने और प्लेटफार्म निर्माण का कार्य तेज गति से जारी है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, स्टेशन को मॉडल स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है।

धमतरी-कुरूद खंड में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कुल 47 पुलों का निर्माण पूरा किया जा चुका है और रेलवे भूमि पर चारों ओर बाउंड्रीवाल बनाई जा रही है। इससे सुरक्षा, स्वच्छता और परिचालन व्यवस्था में बड़ा सुधार होगा।

पहले चरण में 7 कोच वाली पैसेंजर ट्रेन धमतरी से रायपुर के बीच चलेगी। साथ ही मालगाड़ी सेवा भी शुरू होगी, जिससे जिले के औद्योगिक और कृषि क्षेत्रों को बड़ी राहत मिलेगी। यह 1,543 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट रायपुर, कुरूद, धमतरी सहित करीब 25 लाख लोगों को सीधे लाभ देगा। नवा रायपुर कनेक्टिविटी से ट्रेन की गति 120 किमी प्रति घंटा तक होने की संभावना है, जिससे यात्रा का समय घटकर मात्र डेढ़ घंटे रह जाएगा। धमतरी में 1900 से चली आ रही रेल गाथा अब नए अध्याय में प्रवेश करने को तैयार है। 2026 में बड़ी रेल दौड़ने के साथ धमतरी का विकास, रोजगार और उम्मीदों की नई रफ्तार पटरियों पर गूंजेगी।

# 'रिफर सेंटर' की छवि छोड़ अब बन रहा भरोसेमंद उपचार केंद्र






■ नगरी के सिविल अस्पताल की बदल रही तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

कभी "रिफर सेंटर" के नाम से पहचान रखने वाला नगरी का सिविल अस्पताल अब अपनी छवि को पूरी तरह बदलते हुए एक विश्वसनीय उपचार केंद्र के रूप में उभर रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार हो रहे सुधार, सुविधाओं का विस्तार और अस्पताल प्रबंधन की सक्रियता ने स्थानीय लोगों का भरोसा एक बार फिर सरकारी अस्पताल की ओर लौटाया है। मरीजों और परिजनों का कहना है कि अब यहां का माहौल निजी अस्पतालों जैसा बेहतर और व्यवस्थित दिखाई देता है।

जिला कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के दिशा-निर्देश के बाद जिला स्वास्थ्य अधिकारी यूएल कौशिक और खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण नेताम के नेतृत्व में अस्पताल स्टाफ ने सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार किया है। डॉक्टर, नर्सिंग कर्मी व वार्ड ब्वॉय अब पूरी तत्परता से मरीजों की देखभाल में जुटे हैं। भर्ती मरीजों की नियमित निगरानी की जा रही है और उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही के लिए जगह नहीं छोड़ी जा रही है।

### भोजन संबंधी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई, ठेकेदार बदला

मरीजों के भोजन को लेकर आई शिकायतों के बाद अस्पताल प्रबंधन ने त्वरित निर्णय लेते हुए पुराने ठेकेदार को बदल दिया है। इसके बाद से भोजन की गुणवत्ता में स्पष्ट सुधार देखने को मिल रहा है। सुबह मरीजों को दलिया, हलवा, पोहा और फल दिया जा रहा है, जबकि दोपहर के भोजन में रोटी, चावल, दाल, सब्जी, पापड़ एवं सलाद परोसा जा रहा है। इस बदलाव से मरीज संतुष्ट दिखाई दे रहे हैं।

### स्वच्छता अभियान से बदली अस्पताल की सूरत

अस्पताल परिसर में स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। वार्ड से लेकर पूरे कैंपस तक साफ-सफाई में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है। मरीजों ने खुशी जताते हुए बताया कि अब अस्पताल का वातावरण पहले की तुलना में काफी स्वच्छ और सुकूनभरा है।

### सकारात्मक बदलावों को लेकर उत्साह

लगातार हो रहे सुधारों ने नगरी के सिविल अस्पताल की छवि को पूरी तरह बदला है। बेहतर प्रबंधन, उन्नत सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं इसे क्षेत्र का प्रमुख उपचार केंद्र बनाने की दिशा में आगे बढ़ा रही हैं। नगरी क्षेत्र के लोगों में इन सकारात्मक बदलावों को लेकर उत्साह है और उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले समय में अस्पताल और भी बेहतर सेवाएं प्रदान करेगा।

### स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक सुधार

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण नेताम के पदस्थ होने के बाद अस्पताल में अनुशासन, कार्यकुशलता और मरीज-सेवा की भावना में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि उनके नेतृत्व में अस्पताल की चिकित्सा सेवाएं पहले की तुलना में कई गुना बेहतर हुई हैं।

## श्रवण बाधितार्थ स्कूल के बच्चों ने मंत्रियों के आगमन पर बनाई आकर्षक रंगोली



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

श्रवण बाधितार्थ स्कूल के बच्चों ने केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व अन्य मंत्रियों के धमतरी आगमन के मौके पर सड़क पर आकर्षक रंगोली बनाकर स्वागत किया। सभी ने रंगोली की तारीफ की। 12 से 15 फीट लंबी चौड़ी रंगोली बनाने में बच्चों को काफी मेहनत करनी पड़ी। गोल घेरों में अलग-अलग रंग की रंगोली डालकर फूलों की आकृति को जीवंत बना दिया। इस अवसर पर निगम आयुक्त प्रिया गोयल विशेष रूप से उपस्थित थीं। उनकी अगुवाई में बच्चों ने अतिथियों का वेलकम किया।

# केंद्रीय कृषि मंत्री ने वाटरशेड महोत्सव वाहन को दिखाई हरी झंडी

■ वाहन ग्रामीण क्षेत्र में जाकर लोगों को जल संरक्षण के संबंध में जागरूक करेगा



**धमतरी।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धमतरी में आयोजित कार्यक्रम में वाटर शेड महोत्सव वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर आमजनों को जल संरक्षण के संबंध में जागरूक करेगा।

इस दौरान उन्होंने कृषि यांत्रिक करण मिशन अंतर्गत 8 किसानों को शक्ति चलित यंत्र ट्रेक्टर, रिपर, पॉवरटिलर, हैरो, ड्रीप इत्यादि कृषि यंत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन देवांगन, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, राजस्व मंत्री जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, सांसद महासमुंद श्रीमती रूप कुमारी चौधरी, सांसद कांकेर भोजराज नाग, विधायक अजय चन्द्राकर, महापौर रामू रोहरा के अलावा क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के अलावा अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने वाले हितग्राही उपस्थित थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज




## सड़क निर्माण में तेजी आएगी, लोक निर्माण विभाग के अध्यक्ष ने केंद्रीय मंत्री को सौंपा पत्र

**धमतरी।** शहर में बरसात के कारण जगह-जगह सड़कों के जर्जर होने से परेशान हो रही जनता की पीड़ा को समझते हुए नगर निगम के लोक निर्माण विभाग के अध्यक्ष विजय मोटवानी ने केंद्रीय कृषि मंत्री टोकन साहू को पत्र सौंपकर धमतरी की प्रमुख सड़कों के नवनिर्माण और चौड़ीकरण की मांग रखी। वे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के आगमन के अवसर पर उपस्थित थे। श्री मोटवानी ने अपने पत्र में रत्नांबांधा चौक से मुजगहन, सिहावा चौक से कोलियारी तथा अंबेडकर चौक से रूद्री तक की बहुप्रतीक्षित सड़कों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य को तत्काल प्रारंभ किए जाने की मांग की। उन्होंने बताया कि इन मार्गों की स्वीकृति पूर्व में ही शासन द्वारा दी जा चुकी है। कांग्रेस सरकार के समय भी उन्होंने इन महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण के लिए लगातार आवाज उठाई थी, जिसके बाद वर्तमान भाजपा सरकार ने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए आवश्यक प्रक्रियाओं को आगे बढ़ाया। विजय मोटवानी ने कहा कि शीघ्र ही शहरवासियों को मजबूत और व्यवस्थित सड़क सुविधा मिलेगी, जिससे आमजन को राहत मिलेगी और यातायात सुगम होगा।

# शहर में कई परिवार सरकारी योजनाओं से वंचित

■ हजारों लोगों को आज भी नहीं मिल रही बुनियादी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



सरकार गरीबी हटाने के लिए लाख कोशिशें कर रही है। योजनाओं की लंबी सूची है, मगर ज़मीनी हकीकत इससे कहीं अलग तस्वीर दिखा रही है। डेढ़ लाख की आबादी वाले धमतरी शहर में आज भी 10,000 से अधिक लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन कर रहे हैं। नगर के कई वार्डों में हालत इतनी गंभीर है कि अनेक परिवार अभी तक बुनियादी सुविधाओं पक्का मकान, बिजली, पानी, शौचालय और नियमित रोजगार से भी वंचित हैं।

केंद्र और राज्य सरकार द्वारा आवास योजना, श्रम कार्ड, पेंशन योजना, जनधन योजना, आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना, रोजगार गारंटी योजना,और शिक्षा, स्वास्थ्य से जुड़ी सैकड़ों योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य गरीबों को मुख्यधारा में लाना है, लेकिन वास्तविक लाभ जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पा रहा है। दस्तावेजों की कमी, अपात्र घोषित किए जाने और सर्वे में लापरवाही जैसे कारणों से हजारों परिवार योजना के दायरे से बाहर रह जाते हैं।

शहर के कई परिवार विश्राम यादव, कमलाबाई यादव, शांतिबाई विश्वकर्मा, जानकी विश्वकर्मा, रजनी विश्वकर्मा, कुमारीबाई, जयराम नागेश, सुचिताबाई, अहिल्याबाई आज भी बिना मकान, बिना बिजली और बिना शौचालय के गुजर-बसर कर रहे हैं। अधिकांश लोग दिहाड़ी मजदूरी पर निर्भर हैं। जिस दिन काम मिलता है, उस दिन पेट भरता है नहीं तो भूखे पेट रात गुजारनी पड़ती है। स्थानीय लोग बताते हैं कि कई बार वे योजनाओं के लिए आवेदन भी करते हैं, पर या तो दस्तावेज पूरे नहीं होते या नाम लिस्ट में नहीं आता। कुछ लोगों ने कहा कि उन्हें सही जानकारी ही नहीं मिल पाती, जिससे वे लाभ से वंचित रह जाते हैं। जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए आवश्यकता है कि नगर निगम और प्रशासन संयुक्त रूप से सर्वे कर वास्तविक गरीबों की पहचान करे और उन्हें समय पर योजनाओं से जोड़े। यदि यह नहीं हुआ तो हजारों परिवार सरकारी योजनाओं की भीड़ में गुम होकर दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष करते रहेंगे।

## अधिवक्ता परिवार पर हुआ हमला न्याय व्यवस्था पर सीधा प्रहार : शत्रुहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



स्टेट बार काउंसिल ऑफ छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित सदस्य अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने 15 नवम्बर की रात अंबिकापुर में अधिवक्ता राजेश तिवारी के परिवार पर हुए हमले को गंभीर, निंदनीय और न्याय व्यवस्था की गरिमा पर सीधा प्रहार बताया है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि अधिवक्ता राजेश तिवारी के पुत्र राहुल तिवारी के साथ गांधीनगर थाना क्षेत्र में पदस्थ आरक्षक संतोष कश्यप एवं उसके भाइयों द्वारा मारपीट की गई। बीच-बचाव करने पहुंचे अधिवक्ता राजेश तिवारी और उनकी पत्नी पर भी प्रधान आरक्षक संतोष कश्यप, उसके भाई संदीप कश्यप तथा अन्य दो व्यक्तियों ने हमला किया, जो न केवल कानून के विरुद्ध है, बल्कि नागरिकों व अधिवक्ताओं की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्न उठाता है। श्री साहू ने कहा कि अधिवक्ता परिवार पर हुआ यह हमला केवल एक परिवार पर अत्याचार नहीं, बल्कि पूरी न्यायिक प्रणाली की पवित्रता और गरिमा पर सीधा और खतरनाक प्रहार है। उन्होंने गृह मंत्रालय एवं शासन-प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप करते हुए घटना की उच्च स्तरीय, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कर दोषी आरक्षकों और उनके साथियों को कठोर दंड देने की मांग की।




